# टोल प्लाजा के निर्माण में तेजी लाई जाए : अवनीश

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की वीडियों कान्फ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि टोल प्लाज़ा के निर्माण में तेजी लाई जाए। साथ ही यमुना, बेतवा और केन नदी पर बनने वाले पुलों का निर्माण भी तेजी से किया जाए।

उन्होंने कहा कि परियोजना का अब तक 67 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है। श्री अवस्थी द्वारा निर्देश दिए गए कि आरओबी और आरई पैनल निर्माण के काम में तेजी के साथ



अवनीश कुमार अवस्थी

स्ट्रक्चर्स से संबंधित काम में तेजी लाई जाए। उन्होंने परियोजना के तहत पड़ने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यों को भी शीघ्रता से किए जाने के लिए निर्देश दिए। टेक्निकल ऑडीटर, अथॉरिटी इंजीनियर और पीआईयू को गुणवत्ता की जांच लगातार करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जा सके।